MOIL LIMITED
(A Government of India Enterprise)

# नागरी ओवरसियर, वरिष्ठ प्रबंधक (यांत्रिक), वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त), मुख्य प्रबंधक (वित्त) की भर्ती हेतु ऑन-लाईन परीक्षा

## सूचना पुस्तिका

इस पुस्तिका में आप देने जा रहे हैं उस ऑनलाइन परीक्षा संबंधी विविध पहलुओं के ब्योरे और संबंधित विषयवस्तुओं के बारे में महत्वपूर्ण निर्देश हैं। आपकी इस पुस्तिका का ध्यान से अध्ययन करने की सलाह दी जाती है क्योंकि इससे आपकी परीक्षा की तैयारी करने में सहायता मिलेगी ।

**नोट: वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त) और मुख्य प्रबंधक (वित्त) के लिए, स्क्रीन पर एक वैज्ञानिक कैलकुलेटर प्रदान किया जाएगा।**

इस ऑनलाइन परीक्षा में निम्नानुसार वस्तुनिष्ठ प्रकार की बहुविकल्प प्रश्नावलियां होंगी :

### वरिष्ठ प्रबंधक (यांत्रिक), वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त), मुख्य प्रबंधक (वित्त) के लिए ऑनलाइन परीक्षा का विवरण

| अनु. क्र. | सेगमेंट | प्रश्नावली का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | अनुवाद | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | I | सामान्य अंग्रेजी | 10 | 10 | हिंदी तथा अंग्रेजी | 90 मिनट (एकत्रित समय) |
| 2 | | तर्कशक्ति और सामान्य ज्ञान | 20 | 20 | | |
| 3 | II | विषय ज्ञान | 55 | 55 | | |
| | | **कुल** | **85** | **85** | | |

### नागरी ओवरसियर के लिए ऑनलाइन परीक्षा का विवरण
**(सभी प्रश्नावलियों के लिए एकही सेगमेंट के साथ)**

| अनु. क्र. | प्रश्नावली का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | अनुवाद | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य ज्ञान | 10 | 10 | हिंदी तथा अंग्रेजी | 90 मिनट (एकत्रित समय) |
| 2 | तर्कशक्ति | 10 | 10 | | |
| 3 | विषय ज्ञान | 80 | 80 | | |
| | **कुल** | **100** | **100** | | |

परीक्षा के लिए समय 90 मिनट है; तथापि, लागिंग इन, प्रवेश पत्र संग्रहण, निर्देश पढ़ना आदि के सहित आपको परीक्षा स्थल में लगभग 180 मिनट रहना पड सकता है। सामान्य अंग्रेजी के अतिरिक्त सभी प्रश्नावलियां अंग्रेजी व हिन्दी में उपलब्ध कराई जाएंगी । इन 90 मिनट के भीतर आप किसी भी समय किसी भी प्रश्न का उत्तर दे सकते हैं। सभी प्रश्नों में बहुविकल्प होंगे। प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा। **आपको सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन करना है और जिस विकल्प को आप उपयुक्त/सही समझते हैं उसे 'माउस क्लिक'** करना है। आपने जिस विकल्प को क्लिक किया है वह उस प्रश्न का आपका उत्तर माना जाएगा । **गलत उत्तरों के लिए कोई दंड नहीं है।** फिर भी आपको सलाह दी जाती है कि आप अंदाजन कोई भी जबाब ना दें।

ऑनलाइन परीक्षा के स्कोर, सभी पदों के लिए पूर्वनिश्चित कटऑफ अंक द्वारा निकाले जाएगें ।

**मुख्य प्रबंधक (वित्त और लेखा) :**
अर्हता प्राप्त अंक : 50% अंक दोनों **सेगमेंट** (**सेगमेंट** 1 और **सेगमेंट** 2) सभी वर्गों के लिए अर्थात् UR/SC/ST/OBC/PwD/EWS/ExS

**वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त और लेखा) :**
अर्हता प्राप्त अंक : 50% अंक दोनों **सेगमेंट** (**सेगमेंट** 1 और **सेगमेंट** 2) UR/ST/PwD/EWS/ExS वर्गों के लिए
40% अंक दोनों **सेगमेंट** (**सेगमेंट** 1 और **सेगमेंट** 2) OBC/SC वर्गों के लिए

**वरिष्ठ प्रबंधक (यांत्रिक) :**
अर्हता प्राप्त अंक : 50% अंक दोनों **सेगमेंट** (**सेगमेंट** 1 और **सेगमेंट** 2) सभी वर्गों के लिए अर्थात् UR/SC/ST/OBC/PwD/EWS/ExS

**नागरी ओवरसियर :** (इस पद के लिए सभी प्रश्नावलियां एकही सेगमेंट के साथ)
अर्हता प्राप्त अंक : सभी प्रश्नावलियों के लिए 50% अंक UR/SC/ST/PwD/EWS/ExS वर्गों के लिए
सभी प्रश्नावलियों के लिए 40% अंक OBC वर्ग के लिए

**कृपया नोट करें कि इस पुस्तिका में दिए गए प्रश्न केवल उदाहरण हैं सर्वांगपूर्ण नहीं हैं । वास्तविक परीक्षा में प्रश्न अधिक कठिन या अलग प्रकार के भी हो सकते हैं, जिनका कि यहाँ वर्णन नही किया गया हो ।**

नमूने के कुछ प्रश्न यहाँ दिए गए हैं ।

## सामान्य अंग्रेजी

इस प्रश्नावली का प्रयोजन आपके अंग्रेजी भाषा ज्ञान को परखना है । व्याकरण, शब्द भंडार, वाक्यों को पूर्ण करना, समानार्थी, विपरीतार्थी शब्द, अनुच्छेद की समझ आदि संबंधों प्रश्नों से आपके अंग्रेजी भाषा संबंधी ज्ञान की परीक्षा ली जाएगी । नीचे कुछ नमूना प्रश्न प्रस्तुत हैं, उनका अध्ययन करें और उत्तर दें । लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि परीक्षा में कई अन्य प्रकार के प्रश्न भी हो सकते हैं ।

**Q.1.** Read each sentence to find out whether there is any grammatical or idiomatic error in it. The error, if any, will be in one part of the sentence. The number of that part is the answer. If there is no error, the answer is '5'. (Ignore the errors of punctuation, if any).

The regaining of freedom (1) / as we well know has given rise for (2) / many dormant issues (3) / and conflicts in our society. (4) No error (5)

**Q.2.** Pick out from the words given below each sentence the word which would complete the sentence correctly and meaningfully.

He wants me to look _____ his garden during his absence.

(1) at (2) over (3) after (4) into (5) from

**Q.3-6.** In the following passage there are blanks, each of which has been numbered. These numbers are printed below the passage and against each, five words are suggested, one of which fits the blank appropriately. Find out the appropriate word in each case.

The true (3) of rights is duty. If we all discharge our duties, rights will not be (4) to seek. If leaving duties unperformed we run (5) rights, they will escape us like an elusive person. The more we pursue them, the farther (6) they fly.

**Q.3.** (1) end (2) source (3) joy (4) purpose (5) power

**Q.4.** (1) far (2) close (3) easy (4) against (5) common

**Q.5.** (1) as (2) after (3) at (4) from (5) for

**Q.6.** (1) off (2) can (3) did (4) could (5) towards

## सामान्य ज्ञान

**प्र.1.** OSCAR पुरस्कार, निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये दिया जाता है ?

(1) फिल्म (2) साहित्य (3) खेल (4) विज्ञान (5) समाज सेवा

**प्र.2.** आर. के लक्ष्मण किस बात के लिए प्रसिद्ध हैं ?

(1) चित्रकारी (2) कार्टून (3) स्क्रीनप्ले लेखन
(4) फिल्म दिग्दर्शन (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.3.** प्रत्येक ________ में हमारे देश में "कुंभ-मेला" आयेजित होता है ।

(1) 6 वर्ष (2) 10 वर्ष (3) 12 वर्ष (4) 14 वर्ष (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.4.** निम्नलिखित में से कौन वर्तमान में भारत का वित्तमंत्री है ?

(1) श्री अरुण जेटली (2) श्री नरेंद्र मोदी (3) श्री पी. चिदंबरम
(4) श्री अमित शाह (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

## तर्कशक्ति

यह प्रश्नावली यह देखने के लिए है कि आप कितनी अच्छी तरह सोच सकते हैं । इसमें विभिन्न प्रकार के प्रश्न होंगे । यहाँ कुछ उदाहरण प्रश्न दिये हैं ।

**प्र.1.** कुछ नेता बेईमान होते हैं । सत्यप्रिय नेता है । इन दो कथनों से निम्नलिखित में से कौन सा निश्चित निष्कर्ष निकलता है ?

(1) सत्यप्रिय ईमानदार है (2) सत्यप्रिय बेईमान है
(3) कुछ नेता ईमानदार होते हैं (4) नेता सामान्यतः बेईमान होते हैं
(5) सत्यप्रिय कभी-कभी बेईमान हो जाते हैं

**प्र.2.** यदि निम्नलिखित वर्णमाला के अक्षर अपना स्थान इस प्रकार बदलें कि A, Z के स्थान पर आ जाए और Z, A के स्थान पर, B, Y के स्थान पर आ जाए और Y, B के स्थान पर आ जाए, इसी तरह आगे के अक्षर भी आपस में स्थान बदल लें, तो दाएं से तेरहवां अक्षर कौन सा होगा ?

A B C D E F G H I J K L M N O P Q R S T U V W X Y Z

(1) M (2) N (3) O (4) L (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.3.** यदि शब्द "DEPRESSION" के पहले और दूसरे अक्षर को परस्पर बदल दिया जाए, तीसरे और चौथे अक्षर को भी और पांचवे और छठे अक्षर को तथा बाद के अक्षरों को भी इसी प्रकार बदल दिया जाए तो दाएं से सातवां अक्षर निम्नलिखित में से कौनसा है ?

(1) R (2) O (3) S (4) I (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.4.** लड़कियों की एक पंक्ति में, यदि सीता, जो बाएं से 10 वीं है और लीना, जो दाएं से 9 वी हैं, आपस में अपने स्थान बदल लेती हैं, तो सीता बाएं से 15 वी हो जाती है । पक्ति में कितनी लडकियां हैं ?

(1) 16 (2) 18 (3) 19 (4) 22 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

## विषय ज्ञान

**इस प्रश्नपत्र में पूछे गए प्रश्नों विविध पद की विशेषज्ञता के क्षेत्र से संबंधित है ।**

**(अ) ऑन-लाईन परीक्षा पैर्टन का विवरण :**


(1) परीक्षा ऑनलाइन अर्थात कंप्यूटर पर होगी ।

(2) सामान्य अंग्रेजी की प्रश्नावली के अतिरिक्त सभी प्रश्नावलियां अंग्रेजी व हिन्दी में होंगी ।

(3) सभी प्रश्नों में बहु विकल्प होंगे । प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा । **उम्मीदवार के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनकर उसे उस विकल्प को 'माउसक्लिक' करना है जो उसे उपयुक्त/सही लगता है । क्लिक किया गया विकल्प उस प्रश्न का उत्तर माना जाएगा। किसी भी प्रश्न का उत्तर, अंतिम अंकन के लिये तभी मान्य होगा जब उम्मीदवार ने उसको "Save & Next" अथवा "Mark for Review & Next" के साथ सेव किया हो** ।

(4) सर्वर पर घड़ी सेट की गई है और आपके स्क्रीन पर ऊपरी दांए कोने में काउंट डाउन टाइमर आपके लिए परीक्षा पूरी करने के लिए शेष समय दर्शाएगा । घड़ी पूरी तरह चल जाने पर परीक्षा का समय स्वतः पूरा हो जाता है आपको अपनी परीक्षा समाप्त या सबमिट नहीं करनी है ।

(5) स्क्रीन के दाहिने कोने पर प्रश्न पैलेट, प्रत्येक प्रश्न के लिए निम्न में से कोई एक स्थिति प्रकट करता है :




पुनर्विचार के लिए चिह्नित (**Marked for Review**) स्थिति सामान्यतः अनुस्मारक के रूप में कार्य करती है जिसे आपने प्रश्न को दुबारा देखने के लिए सेट किया है । *यदि आपने किसी प्रश्न के लिए उत्तर चुना है जिसे पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है, तब मूल्यांकन में उस उत्तर पर विचार किया जाएगा ।*

(6) उत्तर देने के लिए प्रश्न चुनने के लिए आपको निम्नलिखित में से एक करना है :

a. उस नंबर के प्रश्न पर सीधे जाने के लिए आपके स्क्रीन के दांए प्रश्न पैलेट पर प्रश्न नंबर पर क्लिक कीजिए । नोट करें कि इस विकल्प के प्रयोग पर वर्तमान प्रश्न का **आपका उत्तर सेव नहीं होता है ।**

b. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने के लिए और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Save & Next'** पर क्लिक कीजिए।

c. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने, उसे रिव्यू हेतु मार्क करने और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Mark for Review & Next'** पर क्लिक कीजिए ।

(7) अपना उत्तर चुनने के लिए, एक विकल्प बटन पर क्लिक कीजिए ।

(8) अपना उत्तर बदलने के लिए दूसरा वांछित विकल्प बटन क्लिक कीजिए ।

(9) अपना उत्तर सेव करने के लिए आपको **Save & Next** पर क्लिक करना चाहिए ।

(10) चुना गया उत्तर डिसिलेक्ट करने के लिए, चुने गए विकल्प पर फिर से क्लिक कीजिए या **Clear Response बटन** पर क्लिक कीजिए।

(11) रिव्यू के लिए प्रश्न मार्क करने के लिए **Mark for Review & Next** पर क्लिक कीजिए । यदि मार्कड फोर रिव्यू प्रश्न के लिए उत्तर चुना जाता है तो अंतिम मूल्यांकन में उत्तर पर विचार किया जाएगा ।

(12) किसी प्रश्न का उत्तर बदलने के लिए, पहले प्रश्न सिलेक्ट कीजिए और फिर नये उत्तर पर क्लिक कीजिए और उसके बाद **Save & Next** बटन पर क्लिक कीजिए ।

(13) **जो प्रश्न उत्तर देने के बाद** 'सेव' **या** 'रिव्यू' **के लिए** 'मार्क' **किए गए हैं, सिर्फ वही प्रश्न मूल्यांकन के लिए कन्सिडर किए जाएंगे।**

(14) स्क्रीन के टॉप बार पर प्रश्नावलियों के नाम डिस्प्ले किये जायेंगे । प्रश्नावली के नाम पर क्लिक करके आप संबंधित प्रश्नावली के प्रश्न देख सकते हैं । जो प्रश्नावली आप देखेंगे वह हाइलाइट होगी ।

(15) किसी प्रश्नावली के अंतिम प्रश्न पर **Save & Next** बटन क्लिक करने के बाद आप आटोमैटिकली (अगली) प्रश्नावली के पहले प्रश्न पर पहुंच जाएंगे ।

(16) प्रश्नावली के प्रश्नों के स्टेटस को देखने के लिए प्रश्नावली के नाम पर आप माउस कर्सर मूव कर सकते हैं ।

(17) आपकी सुविधानुसार परीक्षा के दौरान आप कभी भी प्रश्नावली और प्रश्नों के बीच शफल कर सकते हैं ।

(18) उम्मीदवारों से अनुरोध हैं कि "टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर" के निर्देशों का ध्यान से अनुसरण करें । यदि कोई उम्मीदवार निर्देशों/नियमों का अनुसरण नहीं करता है तो इसे कदाचार/अनुचित तरीके अपनाने का मामला माना जाएगा और ऐसा उम्मीदवार संस्था द्वारा निर्णीत अवधि के लिए परिक्षाओं में बैठने से डिबारमेंट के लिए पात्र होगा ।

(19) उम्मीदवार केवल परीक्षा शुरू होने से पहले टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर से अपनी शंकाओं का समाधान कर सकता है । परीक्षा शुरु होने के बाद किसी भी क्वेरी (शंका) का उत्तर नहीं दिया जाएगा ।

(20) 90 मिनट की समाप्ति के बाद, उम्मीदवार ना ही किसी भी प्रश्न का उत्तर दे पाएंगे और ना ही अपने उत्तर जांच पाएंगे। उम्मीदवार ने 'सबमिट' बटन क्लिक नहीं किया होगा तब भी कंप्यूटर सिस्टम द्वारा उसके उत्तर स्वतः सेव कर लिए जाएंगे ।

(21) **कृपया नोट करें :**

(a) **परीक्षा का पूर्ण समय समाप्त होने तक उम्मीदवारों को "फाइनली सबमिट" करने नहीं दिया जाएगा ।**

(b) **एक बार परीक्षा शुरू हो जाने पर किसी भी परिस्थिति में कोई उम्मीदवार की-बोर्ड की किसी भी बटन पर क्लिक नहीं करेगा क्यों कि इससे परीक्षा लॉक हो जाएगी ।**

**(ब) सामान्य निर्देश :**

(1) कृपया प्रवेश पत्र में तारीख, समय और परीक्षा स्थल का पता नोट करें ।

(2) परीक्षा स्थल की पुष्टि करने के लिए ऑनलाइन परीक्षा से एक दिन पहले आप परीक्षा स्थल जाकर देख सकते हैं ताकि परीक्षा के दिन आप **समय पर** रिपोर्ट कर सकें (जैसा कि कॉल लेटर में मुद्रित है) । विलंब से आनेवालों को अनुमति नहीं दी जाएगी।

(3) आपका हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपकाकर प्रवेश पत्र अपने साथ परीक्षा स्थल पर लाया जाना चाहिए।

(4) परीक्षा स्थल पर टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर और संस्था प्रतिनिधि के निर्देशों का आपको निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए। आप निर्देशों का उल्लंघन करेंगे, तो आपको अयोग्य ठहराया जाएगा और परीक्षा स्थल छोड़कर जाने के लिए कहा जाएगा।

(5) परीक्षा के दौरान कैल्क्युलेटर (अलग या घड़ी के साथ), किताबों, नोटबुकों या लिखे नोटस, सेल फोन (कैमेरा सहित या रहित) या अन्य किसी इलेक्ट्रानिक साधन के प्रयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी । **प्रवेश द्वार पर आरोग्यसेतु स्टेटस दिखाने के बाद अभ्यर्थियों को अपने मोबाइल फोन स्विच ऑफ कर तय स्थान पर जमा करने होंगे और परीक्षा स्थल से बाहर निकलते समय वापस इन्हें लेना होगा ।**

(6) आपके अपने फोटोग्राफ को इस बुलावे-पत्र पर चिपका कर उसे मूलरूप में वर्तमान में वैध फोटो युक्त पहचान का प्रमाण और उसकी एक फोटोकापी के साथ लाएं - यह अनिवार्य है । कृपया यह बुलावा-पत्र तथा पहचान के प्रमाणपत्र की फोटो कापी स्टेपल करके पर्यवेक्षक को सौंप दे । वर्तमान में वैध फोटो पहचान प्रमाण हैं-पैनकार्ड/पासपोर्ट/स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस/फोटोग्राफ युक्त वोटर्स कार्ड/फोटोग्राफ युक्त बैंक पास बुक/आधिकारिक लेटर हेड पर गजटेड अधिकारी द्वारा जारी फोटो पहचान का प्रमाण/आधिकारीक लेटर हेड पर जन प्रतिनिधि द्वारा जारी फोटो पहचान का प्रमाण/मान्यता प्राप्त कालेज/यूनिवर्सिटी द्वारा जारी वैध वर्तमान पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त आधार कार्ड/फोटोग्राफ युक्त ई-आधार कार्ड/मूल कर्मचारी पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त बार कौंसिल पहचान पत्र । **कृपया नोट करें - राशन कार्ड और लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस को वैध पहचान-प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा ।** कृपया ध्यान दें कि बुलावा पत्र पर लिखा गया आपका नाम फोटो पहचान प्रमाण पर दिखते नाम के बिल्कुल अनुरूप होना चाहिए । महिला उम्मीदवार जिन्हों ने शादी के पश्चात अपने पहले/अंतिम/बीच के नाम में परिवर्तन किया हो वे इस पक्ष का विशेष ध्यान दें । बुलावा पत्र पर दिए गए नाम और फोटो पहचान प्रमाण में यदि जरा भी बेमेल हुआ तो आपको परीक्षा में शामिल होने नहीं दिया जाएगा । उन उम्मीदवारों के मामले में जिन्होंने अपना नाम बदल लिया है, यदि वे राजपत्रित अधिसूचना/अपना विवाह प्रमाण पत्र/शपथपत्र प्रस्तुत करते हैं तो ही उन्हें अनुमत किया जाएगा। पहचान पत्र परीक्षा वाले दिन वैद्य होना चाहिये ।

(7) सही व गलत उत्तरों के पैटर्न में समानता का पता लगाने के लिए आपके प्रत्युत्तरों का परिक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीद्वारों के साथ विश्लेषण किया जायेगा। यदि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यह अनुमान लगता/निष्कर्ष निकलता है कि प्रत्युत्तरों में सहभागिता की गई है और प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं है तो आपको अयोग्य ठहराया या उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है। नकल करते, सहायता लेते या देते या उम्मीदवार के लिए अनुचित ऐसा व्यवहार करते हुए उम्मीदवार के मूल्यांकन पर विचार नहीं किया जाएगा । आगे ऐसे उम्मीदवार के खिलाफ संस्था उसके द्वारा उपयुक्त समझी जाने वाली कार्रवाई कर सकता है ।

(8) आपको अपने साथ एक बाल-पाइंट पेन लाना चाहिए । परीक्षा के अंत में अपने उत्तर सबमिट करने से पहले जिन प्रश्नों को आप रिव्यू करना चाहते हैं उनके प्रश्न नंबर लिखने या रफ वर्क करने के लिए आपको कागज का एक पन्ना दिया जाएगा। परीक्षा पूरी होने के बाद स्थल छोड़ने से पहले आपको निर्देशित तय स्थान पर कागज का यह पन्ना, बुलावा पत्र, ID प्रमाण की प्रति अनिवार्यतः डालनी चाहिए ।

(9) परीक्षा के प्रशासन में कुछेक समस्या होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता, जो कि परीक्षा संचालन और/अथवा सृजित करने की कठिनाई के तौर में सामने आ सकती है। ऐसी स्थिति में इन समस्याओं के समाधान का पूरा प्रयास किया जायेगा, जिसमें उम्मीदवारों के मूवमैंट, परीक्षा में विलम्ब होना शामिल। पुनः परीक्षा का आयोजन स्पष्ट रूप से परीक्षा संचालन के विवेक पर निर्भर है। उम्मीदवार पुनः परीक्षा के लिए किसी प्रकार का दावा नहीं कर सकेंगे । परीक्षा संचालन की विलम्बित प्रक्रिया में उम्मीदवारों के मूव करने की इच्छा नहीं होने अथवा भाग लेने की इच्छा नहीं होने पर उन्हें प्रक्रिया से तुरंत निरस्त कर दिया जायेगा ।

(10) यदि परीक्षा एक से अधिक सत्र में आयोजित होती हैं तो सभी सत्रों में प्रयुक्त विभिन्न टेस्ट बैटरियो कि डिफिकल्टी स्तर के अंतर को एड्जस्ट करने के लिए विभिन्न सत्रों के स्कोर को इक्वेट किया जाएगा । यदि सेंटर पर किसी अभ्यर्थी के लिए नोड क्षमता कम है या कोई तकनीकी खामी होती है तो एक से अधिक सत्र की आवश्यकता हो सकती है ।

(11) परीक्षा की सामग्री या उसकी किसी अन्य जानकारी, पूर्णतया या अंशतः को प्रकट करने, प्रकाशित करने, पुनः प्रस्तुत करने, ट्रांसमिट करने, स्टोर करने या उसके ट्रांसमिशन और स्टोरेज को सुगम बनाने वाले या मौखिक अथवा लिखित, इलेक्ट्रोनिक अथवा मेकैनिकल किसी माध्यम से, परीक्षा कक्ष में दिए गए कागज-पत्र को ले जाने वाले या परीक्षा सामग्री के अनधिकृत कब्जाधारी पर अभियोग चलाया जा सकता है।

(12) चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में, उम्मीदवार द्वारा गलत सूचना प्रदान करने और/अथवा प्रक्रिया का उल्लंघन करने के मामले में, उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और भविष्य में उसे MOIL की किसी भी भरती प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं प्रदान की जाएगी । यदि ऐसे मामलें का वर्तमान चयन प्रक्रिया में पता नहीं चलता है लेकिन बाद में पता चलता है तो ऐसी अयोग्यता को पूर्वव्यापी प्रक्रिया से लागू किया जाएगा ।

## सामाजिक दूरी पद्धति से परीक्षा संचालन संबंधी अनुदेश

1. अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल परप्रवेश पत्र में उल्लिखित **और या /** परीक्षा तिथि से पूर्व उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर मेल पर/SMS/मेल के जरिए सूचित समयावधि के अनुसार ही रिपोर्ट करना है। अभ्यर्थियों से इस समयावधि का सख्ती से पालन अपेक्षित है क्योंकि परीक्षा स्थल पर प्रवेश की अनुमति – संबंधित अभ्यर्थी को**केवल** उसे आबंटित समयावधि में ही मिलेगी। अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र में दिए गए रिपोर्टिंग समय से न्यूनतम मिनट पहले रिपोर्ट 15 करना चाहिए।

2. अभ्यर्थी के अनुक्रमांक व उनके बैठने की लैब संख्या परीक्षा स्थल के बाहर नहीं दर्शाई जाएगी, पर इसे प्रत्येक अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल पर प्रवेश करने के समय बता दिया जाएगा।

3. :परीक्षा स्थल पर अभ्यर्थियों को अनुमत सामग्री
अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल पर केवल कुछ निश्चित सामान लाने की अनुमति होगी
a. मास्क **(मास्क पहनना अनिवार्य है)**
b. दस्ताने
c. पानी की अपनी पारदर्शी बोतल **(अभ्यर्थी अपनी पानी की बोतल लेकर आएँ)**
d. अपना हैंड सैनिटाइजर (50 मिली)
e. एक सामान्य पेन और एक व्यक्तिगत स्याही स्टैम्प पैड (ब्लू / ब्लाक)
f. परीक्षा संबंधी कागजात (प्रवेश पत्र जिसके साथ ID कार्ड की फोटोप्रति संलग्न हो, सत्यापन के लिए मूल ID कार्ड)
g. प्रवेश पत्र इसके साथ ID कार्ड की फोटोप्रति संलग्न कर के लाएँ। मूल ID (फोटोप्रति वाली) भी सत्यापन हेतु साथ लेकर आएँ। ID तथा प्रवेश पत्र पर नाम बिलकुल एक जैसा होना चाहिए।
h. स्क्राइब वाले अभ्यर्थियों के मामले में विधिवत भरा-व फोटोग्राफ लगा कर हस्ताक्षर किया हुआ स्क्राइब फार्म
परीक्षा स्थल के भीतर कोई अन्यसामग्री लाने की अनुमति नहीं है।

4. अभ्यर्थी को अपने किसी भी निजी सामानसामग्री को किसी के साथ साझा नहीं करना चाहिए।/

5. अभ्यर्थी को एक दूसरे से सुरक्षित सामाजिक दूरी बनाकर रखनी चाहिए।

6. अभ्यर्थी को स्थल पर दिए गए निर्देशों के अनुसार पंक्ति में खड़े होना चाहिए।

7. यदि अभ्यर्थी स्क्राइब की सुविधा का लाभ उठा रहा है तो स्क्राइब को भी अपने दस्ताने, N95 मास्क, सैनिटाइज़र (50 मिली) और पानी की पारदर्शी बोतल लानी चाहिए। अभ्यर्थी और स्क्राइब दोनों को N95 मास्क पहनकर रखना होगा।

8. अभ्यर्थी द्वारा अपने मोबाइल फोन में आरोग्य सेतु एप्प जरूर इन्सटाल किया हुआ होना चाहिए। आरोग्यसेतु स्टेटस में अभ्यर्थी का जोखिम स्तर जरूर दर्शाया हुआ होना चाहिए। अभ्यर्थी को यह स्टेटस परीक्षा स्थल में प्रवेश करते समय सुरक्षा गार्ड को दिखाना होगा। यदि अभ्यर्थी के पास स्मार्ट फोन नहीं है तो उसे इस आशय की हस्ताक्षरित घोषणा (घोषणा इस बुलावा पत्र के साथ उपलब्ध करायी गई है) लानी होगी और इसे परीक्षा स्थल में प्रवेश करते समय सुरक्षा गार्ड को दिखाना होगा। (यदि अभ्यर्थी स्क्राइब की सेवाओं का लाभ उठा रहा है तो स्क्राइब को भी इन्हीं निर्देशों का पालन करना होगा)

9. **प्रवेश द्वार पर आरोग्यसेतु स्टेटस दिखाने के बाद अभ्यर्थियों को अपने मोबाइल फोन स्विच ऑफ कर तय स्थान पर जमा करने होंगे और परीक्षा स्थल से बाहर निकलते समय वापस इन्हें लेना होगा ।**

10. प्रवेश द्वार पर सभी अभ्यर्थियों (और स्क्राइब, यदि लागू है) के तापमान की जांच थर्मामीटर गन से की जाएगी।

11. अभ्यर्थी पंजीकरण में :

**a. अभ्यर्थी का पंजीकरण फोटो लेकर किया जाएगा।**
**b. फोटोग्राफ अभ्यर्थी के खड़े होने की मुद्रा में लिया जाएगा**
**c. अभ्यर्थी को सीट क्रमांक दिया जाएगा**

12. रफ शीट, प्रवेश पत्र और ID प्रमाण प्रबंधन

- अभ्यर्थी, प्रत्येक अभ्यर्थी डेस्क पर रखी रफ शीट का इस्तेमाल करेंगे।
- अभ्यर्थी को लैब/स्थल को छोड़ते समय उपलब्ध कराए गए बॉक्सों में या किसी तय स्थान पर ID प्रमाण प्रति सहित प्रवेश पत्र डालने के संबंध में निर्देशों का पालन अवश्य करना चाहिए। स्क्राइब की सेवाओं का लाभ उठाने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र और ID प्रमाण की प्रति सहित स्क्राइब फॉर्म जमा करना चाहिए।
- अभ्यर्थी को लैब/स्थल से बाहर निकलते समय, वहाँ उपलब्ध कराए गए बॉक्सों में या परीक्षा पदाधिकारियों द्वारा निर्देशित तय स्थान पर रफ शीट, प्रवेश पत्र, ID प्रमाण की प्रति अनिवार्यतः डालनी चाहिए।

13. परीक्षा आयोजित होने के बाद नियंत्रण :

- परीक्षा पूर्ण होने पर अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल स्टाफ द्वारा निर्देशित किए जाने के अनुरूप भीड़ लगाए बगैर व्यवस्थित तरीके से बाहर निकलना चाहिए।

## आपको शुभकामनाएं